<u>समाचार</u>

# विगत एक पखवाड़े में 06 दर्जन से अधिक मवेशियों को सड़कों से उठाकर पहुंचाया गया गोकुलनगर

**(महापौर एवं आयुक्त ने पशुपालकों से की अपील, सड़कों पर स्वच्छंद विचरण हेतु न छोड़े मवेशी, इससे बनती है दुर्घटना की संभावना, आमजन को होती है अनावश्यक परेशानी)**




कोरबा 10 जुलाई 2025 – नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विगत एक पखवाड़े के दौरान शहर की सड़कों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले 06 दर्जन से अधिक मवेशियों को सड़कों से उठाकर गोकुलनगर पहुंचाया गया है, निगम द्वारा प्रतिदिन यह कार्यवाही की जा रही है, सड़कों से मवेशी उठाने के दौरान वहॉ पहुंचने वाले संबंधित पशुपालकों को कड़ी समझाईश भी दी जा रही है कि वे मवेशियों को सड़कों पर खुला न छोड़े।

यहॉ उल्लेखनीय है कि पशुपालकों द्वारा अपने पालतू मवेशियों को सड़क पर खुला छोड़ दिया जाता है, जिसके कारण सड़क दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, अनेक दुर्घटनाएं हो भी गई हैं, आवागमन बाधित होता है, यातायात व्यवस्था बिगडती है, साथ ही मवेशियों के घायल होने की आशंका बनी रहती है। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा सड़कों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को काऊकेचर के माध्यम से सड़क से उठाने तथा

उन्हें सुरक्षित गोकुलनगर पहुंचाने की नियमित कार्यवाही की जा रही है, विगत एक पखवाड़े के दौरान सड़कों से लगभग 06 दर्जन से अधिक मवेशियों को काऊकेचर के माध्यम से सुरक्षित उठाकर गोकुलनगर स्थित गोठान पहुंचाया गया है, जहॉ पर निगम द्वारा मवेशियों के चारे, पानी आदि की समुचित व्यवस्था भी की गई है।

**महापौर, आयुक्त ने सड़क पर मवेशी न छोड़ने की पशुपालकों से की अपील** – महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने नगर के पशुपालकों, डेयरी व्यवसायियों से कहा है कि वे अपने पालतू मवेशी स्वच्छंद विचरण हेतु सड़कों पर खुला न छोड़े, इससे शहर की यातायात व्यवस्था बाधित होती है, दुर्घटना की संभावना बनी रहती है तथा लोगों के जान–माल के खतरे की आशंका रहती है, वहीं सड़कों पर खुला विचरण करने वाले मवेशियों के घायल होने की संभावना बनती हैं, सड़क पर आने जाने वाले आमनागरिकों व वाहन चालकों को अनावश्यक असुविधा का सामना भी करना पड़ रहा है। अतः अपने मवेशियों को अपने घर या नियत स्थल पर सुरक्षित रूप से रखें, उन्हें सड़कों पर खुला न छोड़े।

**लगातार जारी रहे अभियान–** आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर निगम क्षेत्र के सभी मुख्य मार्गो, संपर्क सड़कों, सार्वजनिक स्थानों आदि में सघन रूप से अभियान जारी रहें, खुले में घूमते हुए मवेशियों को काऊकेचर के माध्यम से गोठान में सुरक्षित रूप से पहुंचाएं। गोठान में मवेशियों के लिए चारा, पैरा व शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था अबाध रूप से रहे, यह सुनिश्चित करें, साथ ही मवेशियों का समय–समय में स्वास्थ्य परीक्षण भी कराएं।